Regarding inclusion of certain communities in SC category

श्री नरेश चंद्र उत्तम पटेल **(फतेहपुर) :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान फतेहपुर जनपद में 18 गांवों में रहने वाली भाट जाति, जो विमुक्त जाति है, उसको अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं ।

मान्यवर, ये सब भीख मांग कर जी रहे हैं । हमारे जनपद में 18 गांवों में जो भाट जाति के लोग हैं, उनको अनुसूचित जाति या किसी भी श्रेणी में आरक्षण नहीं मिल रहा है । मेरे पास एक स्टूडेंट, जो टॉपर था, वह परसों मिला । उसने कहा कि मैंने लेखपाल की परीक्षा पास की है, लेकिन मुझे आरक्षण की किसी श्रेणी का कोई लाभ नहीं मिला । ? (व्यवधान)